कोटद्वार, रविवार
10 दिसम्बर 2023
वर्षः 45
अंकः 220 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979 — संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# इन्वेस्टर्स समिट केवल समारोह नहीं, बल्कि कई नई चीजों की शुरूआत है : शाह



## पूरे देश में उत्तराखंड सबसे ज्यादा शांत और सुरक्षित राज्य

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वन अनुसंधान संस्थान देहरादून में उत्तराखण्ड

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह के अवसर पर देवभूमि उत्तराखण्ड को नमन करते हुए कहा कि यह केवल डेस्टिनेशन उत्तराखण्ड का ही समारोह नहीं है, बल्कि कई नई चीजों की शुरूआत भी है। केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि 02 लाख करोड़ के करारों के लक्ष्य के सापेक्ष ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य में साढ़े तीन लाख करोड़ से अधिक के करार हुए हैं, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड के शासन और प्रशासन को बधाई दी।

यह नये उत्तराखण्ड की अनन्त संभावनाओं को तलाशने की शुरूआत है। उत्तराखण्ड को ईको फ्रेंडली तरीके से किस प्रकार से उद्योग जगत के साथ भी जोड़ा जा सकता है, इसका एक मजबूत उदाहरण समग्र विश्व के सामने बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्वास के साथ कहा कि यह दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। यह ऐसा स्थान है, जहां विकास और दैवीय शक्ति साथ में है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने इसके साथ परफोर्मेंस को भी जोड़ा है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य अटल जी ने बनाया और मोदी जी ने इसे संवारा है। उनके नेतृत्व में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तराखण्ड को अलग राज्य बनाने का उद्देश्य यही था कि राज्य का तेजी से विकास हो। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। अनेक महत्वपूर्ण इनीशिएटिव लिये गये हैं। यहां की चारधाम यात्रा व्यवस्था, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए बनाई गई योजना सराहनीय है। लगभग तीस इन्वेस्टर फ्रेंडली नई नीतियों से उत्तराखण्ड पॉलिसी ड्रीवन स्टेट बन गया है। मोदी जी के नेतृत्व में पारदर्शिता के साथ शासन को बढ़ावा दिया गया है। भ्रष्टाचारियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जायेगा। उत्तराखण्ड सरकार ने पारदर्शी माहौल दिया है। पूरे देश में उत्तराखंड सबसे ज्यादा शांत और सुरक्षित राज्यों में है। पारदर्शिता उत्तराखंड का स्वभाव बन गया है। पूरे देश की जिम्मेदारी है कि उत्तराखंड मजबूत और सबसे विकसित राज्य बने। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश तेजी से आगे बढ़ा है। पूरे देश में मल्टी डाइमेंशनल बदलाव आये हैं। इन वर्षों में 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। प्रति व्यक्ति आय दुगुनी हुई है। करोड़ों किसानों की चिंता की गई है। यूनिकॉर्न स्टार्टअप की संख्या कई गुना हो गई है। भारत ने जिस तरह जी-20 का आयोजन किया, उसकी पूरे विश्व में सराहना की गई। जी-20 का दिल्ली घोषणा पत्र कूटनीति के क्षेत्र में भारत का परचम फहरायेगा।

## उत्तराखंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर बढ़ रहा आगे : धामी



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का देवभूमि उत्तराखण्ड की जनता की ओर से स्वागत करते हुए कहा उनके नेतृत्व में आंतरिक सुरक्षा मजबूत होने के साथ ही सहकारिता क्षेत्र में भी भारत ''सहकार से समृद्धि'' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके अंतर्गत देश के सभी पैक्स को कम्प्यूटरीकृत किया जा रहा है। केन्द्रीय सहकारिता मंत्री द्वारा अक्टूबर 2021 में पैक्स के कम्प्यूटरीकरण का कार्य देश में पहली बार उत्तराखंड से ही प्रारंभ किया गया था और आज राज्य में सभी समितियां कम्प्यूटरीकृत हो चुकी हैं। उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमवीरों को सकुशल बाहर निकालने में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का राज्य सरकार को निरंतर सहयोग मिलता रहा, जिसके चलते ही सिलक्यारा मिशन सफल हुआ। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तराखंड प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है तथा उनके विजन के अनुरूप ही हर क्षेत्र में कार्य कर रहा है। जहां एक ओर आज उत्तराखंड में सेब, कीवी, मशरूम, श्री अन्न, जड़ी बूटियों आदि के उत्पादन द्वारा हमारे काश्तकार पूरी दुनियां को ''मेक इन इंडिया'' का संदेश दे रहे हैं, वहीं प्रदेश के अन्दर लॉजिस्टिक्स पार्क, एरोमा पार्क, फार्मा तथा इलैक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर और अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर पर तेजी से काम चल रहा है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस हो, सिंगल विंडो क्लियरेंस हो, कठिन नियमों को सरल बनाने की बात हो, बजट को नियंत्रित करने के प्रयास हों, आज इन सभी मापदंडों में उत्तराखंड खरा उतरने का प्रयास कर रहा है।



# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तराखंड के चौमुखी विकास में साबित होगा मील का पत्थर : महाराज




जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : टूरिज्म और एविएशन क्षेत्र में राज्य की प्रगति और समृद्धि के विकास विषय पर आधारित द्वितीय सत्र आयोजित हुआ। सत्र में उत्तराखंड राज्य की टूरिज्म क्षेत्र में क्षमताओं के विकास, हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटन विकास में एविएशन की भूमिका, एस्ट्रो टूरिज्म आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तराखंड के चौमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा। जितने भी करार देश के विभिन्न संस्थानों ने राज्य सरकार के साथ किए है, यह राज्य में रोजगार सृजन कर आर्थिकी को सशक्त करेगी। वहीं राज्य के साथ हुए सभी करार निवेशकों की राज्य में पारदर्शिता और सुशासन को दर्शाते है। आध्यात्मिक, एस्ट्रो, ईको, मेडिकल, धार्मिक, साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास जारी है। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा सुलभ, सुगम और सरल हो, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। आदि कैलाश और ॐ पर्वत के निकट स्थित गुंजी को शिवनगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है। भविष्य में कॉर्बेट के सीतावनी में टोटल एनिमल किंगडम के रूप में विकसित किए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि देश के साथ ही विदेशी लोग गंगा आरती, गुरुजनों से मिलने धर्म नगरी हरिद्वार आते है। सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने राज्य में बढ़ते पर्यटन अवसर पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पर्यटन का राज्य की जीडीपी में लगभग 15 प्रतिशत योगदान है, वहीं राष्ट्र की जीडीपी में 06 प्रतिशत की भागीदारी है। आज उत्तराखंड वैश्विक स्तर पर टूरिज्म हब बन चुका है। पिछले साल 49 मिलियन घरेलू पर्यटक उत्तराखंड आए, वहीं विदेशों से 55 हजार विदेशी पर्यटक आए। सोलो वूमेन ट्रैवलर के लिए सर्वाधिक सुरक्षात्मक राज्य का खिताब भी उत्तराखंड ने अपने नाम कर लिया है। इस मौके पर राजस एयरोस्पोर्ट्स एंड एडवेंचर लिमिटेड प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ मनीष सैनी, इंडियन होटल कंपनी लिमिटेड की एरिया डायरेक्टर कनिका हसरत, लॉकहीड मार्टिन से पार्थ पी राय, टीडबल्यूआई ग्रुप ऑफ कंपनीज से डॉ. उत्तम सिंघल, अपर सचिव पर्यटन पूजा गर्ब्याल, बृजेंद्र पांडे, सीमा नौटियाल मौजूद थे।

# उत्तराखंड डेस्टिनेशन स्टार्ट अप हब के रूप में होगा विकसित : बहुगुणा



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : उत्तराखंड में स्टार्टअप की ग्रोथ के अवसर पर चौथा सत्र आयोजित हुआ। कौशल विकास और सेवायोजन मंत्री डॉ. सौरभ बहुगुणा ने उपस्थित निवेशकों और स्टार्ट अप उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तराखंड डेस्टिनेशन स्टार्ट अप हब के रूप में विकसित हो रहा है। युवाओं के लिए रोजगार प्रदाता के रूप में उभरने के पर्याप्त अवसर है। इसके लिए सरकार ने उद्योग नीति 2023 को निवेशकों और उद्यमियों के अनुरूप बनाया है जिससे निवेशकों के साथ ही स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं को वित्तीय और मार्गदर्शन मिलता रहे। डॉ. सौरभ बहुगुणा ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है की 10 पहाड़ी जिलों में फोकस कर विकास किया जाए। आज उत्तराखंड स्टार्ट अप के क्षेत्र में देश के पांच शीर्ष राज्यों में शुमार हो गया है। जहां 2016 में राज्य में मात्र 04 स्टार्ट अप थे, वहीं आज राज्य ने 950 स्टार्ट अप की संख्या को पार कर दिया है। इनमें से कई स्टार्ट अप अपनी बुलंदियों पर पहुंचकर नए स्टार्ट अप की भी मदद कर रहे है। नई स्टार्ट अप पॉलिसी 2023 के तहत नए इनक्यूबेशन सेंटर खोलने पर 01 करोड़ तक का सहयोग किया जायेगा वही अवस्थित इनक्यूबेशन सेंटर के विस्तार हेतु 50 लाख तक का सहयोग भी मिलेगा। सरकार ने ड्रोन के प्रोमशन और प्रयोग की पॉलिसी 2023, डाटा सेंटर उत्तराखंड सर्विस सेक्टर पॉलिसी 2023, आई टी/ आईटीईइस उत्तराखंड सर्विस सेक्टर पॉलिसी 2023 को हाल ही में बनाया है। हमें विश्वास है कि समस्त निवेशकों और उद्यमियों को राज्य में सिंगल विंडो क्लीयरेंस से आसानी होगी। उन्होंने निवेशकों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर शासन-प्रशासन द्वारा हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर सत्र में प्राइस वाटर हाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड के एसोसिएट प्रोफेसर उदित शर्मा, ग्लोबल एसवीपी से डा. सुबी चतुर्वेदी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से डा. अमन मित्तल, लॉग 9 से अक्षय सिंघल, कमर्शियल काउंसलर अजय सिंह मौजूद थे।

## एक नजर

### अवैध खनन में दो डंपर सीज

हरिद्वार। अवैध खनन निरोधक दल की संयुक्त टीम ने अवैध खनन में दो डंपर सीज किए हैं। वाहनों को सीज कर थाना श्यामपुर के सुपुर्द किया गया है। शनिवार को उपजिलाधिकारी अजयवीर सिंह बताया कि गैंडीखाता-लालढांग क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत प्रशासन को मिल रही थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए तहसील स्तर पर गठित अवैध खनन निरोधक दल की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने लालढांग मार्ग पर तिराहे के पास दो डंपर को रोक कर जांच की। डंपर रवन्ना में दर्शाए गए गंतव्य से दूसरे स्थान पर जा रहे थे। साथ ही रवन्ना में समय भी अधिक हो चुका था। इस कारण दोनों डंपर वाहनों को सीज किया गया है। संयुक्त टीम में जिला खान अधिकारी प्रदीप कुमार, सीओ सिटी जूही मनराल, एसडीओ वन विभाग संदीपा शर्मा, एआरटीओ रश्मि पंत, एसओ श्यामपुर नितेश शर्मा, मनीष कुमार खान निरीक्षक सहित खनन, राजस्व, वन, परिवहन, पुलिस के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कनखल से संत लापता

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र के बैरागी कैंप से एक संत संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक दिल्ली एजीसीआर एंक्लेव निवासी राजू गर्ग ने शिकायत कर बताया कि दिगंबर अखाड़ा रामानंदाचार्य मार्ग बैरागी कैंप के स्वामी पवित्र दास की ओर से 10 से 16 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाना था।

संत पांच दिसंबर को कुटिया में रहने वाले संतों से यह कहकर गए थे कि शाम चार या पांच बजे आएंगे। तीन दिन बीत जाने के बाद भी संत वापस नहीं आए। इसके बाद पुलिस ने शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। संत का मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन नंबर बंद आ रहे हैं। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमरचंद शर्मा ने बताया कि संत की तलाश की जा रही है।

### व्यापारियों ने किया स्वागत

हरिद्वार। मायापुर व्यापार मंडल और रामलीला रंगमच मायापुर के पदाधिकारियों ने जनता कैबिनेट पार्टी की अध्यक्ष और हरिद्वार लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारियों में जुटी भावना पांडे का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। मायापुर रामलीला मैदान में स्वागत के दौरान भावना पांडे ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# वन सेक्टर में पूंजी निवेश देश और दुनिया के लिए उपयोगी साबित होगा : उनियाल

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में समृद्ध जैव विविधता से परिपूर्ण और विपुल वन संपदा वाले उत्तराखंड राज्य में इकोनॉमी और इकोलॉजी का बेहतर समन्वय व संतुलन कायम रखते हुए वन एवं इससे जुड़े सेक्टर्स में निवेश को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। समिट के दौरान इस सिलसिले में आयोजित विशेष सत्र में कहा गया कि वन एवं इससे जुड़े सेक्टर्स राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास का प्रमुख जरिया बनने की पूरी सामर्थ्य रखते हैं।

जलवायु परिवर्तन व कार्बन उत्सर्जन की वैश्विक चुनौतियों को नियंत्रित करने में भी यह सेक्टर महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। लिहाजा राज्य में वन सेक्टर में होने वाला पूंजी निवेश देश और दुनिया के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के वन एवं इसस जुड़े सेक्टर्स पर निवेश की संभावनाओं पर परिचर्चा के लिए आयोजित सत्र की अध्यक्षता करते हुए राज्य के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड का 71 प्रतिशत भूभाग वनों से आच्छादित है। यहां पर 11230 वन पंचायतें हैं जिनसे 20 लाख लोग जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि



वनों के संरक्षण व संवर्द्धन तथा इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों में स्थानीय जन-समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कर वनों से स्थानीय लोगों के परंपरागत लगाव व जुड़ाव को कायम रखने पर सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। वन सेक्टर्स से संबंधित निवेश में भी पारिस्थितिक संतुलन और स्थानीय लोगों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन्डस्ट्रियल फ्रेंडली वातावरण के साथ ही इकोनॉमी और इकोलॉजी में समन्वय बनाते हुए कार्बन उत्सर्जन को कम करने पर सरकार का विशेष ध्यान है। वन मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में ईको-टूरिज्म, जड़ी-बूटियों तथा सगंध पौधों के उत्पादन व संग्रहण के साथ ही प्रसंस्करण जैसे वनाधारित परियोजनाओं की व्यापक संभावनाएं हैं। जिसके लिए कई निवेशक आगे आए हैं। योग, वेलनेस टूरिज्म, आयुर्वेद जैसे क्षेत्रों में भी निवेशकों ने काफी रूचि दिखाई है। राज्य में तीन लाख करोड़ से अधिक के पूंजी निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में किया जाने वाला निवेश पूरी तरह सुरक्षित और बेहतर रिटर्न देने वाला साबित होगा।

# तेज रफ्तार कार ने दो गाड़ियों को मारी टक्कर

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़ी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद दूसरी कार भी टकरा गई। जिससे तीनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि कार सवार को मामूली चोटें आई। घटना दुर्गा चौक के पास की है, जब शुक्रवार देर रात चौक के पास एक एक कार खड़ी हुई थी।

इसी बीच जटवाड़ा पुल की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने खड़ी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद एक अन्य कार में भी उस कार ने टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्ती थी कि खड़ी कार के तो परखच्चे उड़ गए, जबकि टक्कर मारने वाली गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तीसरी गाड़ी के भी शीशे टूटने के साथ ही काफी हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना के बाद आरोपी चालक मौके पर ही गाड़ी छोड़कर चला गया। शनिवार सुबह होते ही क्षतिग्रस्त गाड़ियों को देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास चल रहे हैं। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सिल्क्यारा सफल रेस्क्यू ऑपरेशन का उदाहरण दुनिया में और कहीं देखने को नहीं मिलता:पांडेय

जयन्त प्रतिनिधि देहरादून : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दूसरे दिन शनिवार को इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टोरल सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कुछ ऐसी परिस्थितियां बनी की हमारे 41 श्रमिक भाई सिल्क्यारा में सुरंग में फंस गए, लेकिन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्र ने जिस तरह से यहां दिन-रात काम कर सभी श्रमिकों को सकुशल बाहर निकाला ऐसा उदाहरण दुनिया में और कहीं नहीं मिलता है।

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तराखंड से मेरा पुराना रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी हमेशा से छोटे राज्यों की पक्षधर रही है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में तीन राज्यों का निर्माण इसी उद्देश्य से किया गया कि यह राज्य भी विकास में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि अलग राज्य गठन के बाद




उत्तराखंड ने तेजी से प्रगति की है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक भारत का सबसे स्वर्णिम युग कोई है तो वो हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। वे एक तपस्वी प्रधानमंत्री हैं, उनके मार्ग-दर्शन में केदारनाथ में जो जीर्णोद्वार कार्य हुए वे एक तपस्वी प्रधानमंत्री ही करा सकता है। जब केदारनाथ में आपदा आई तो मोदी जी यहां सबसे पहले पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था यह दशक उत्तराखंड का होगा और आज ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिये यह चरितार्थ हो रहा है। उन्होंने उद्यमियों का आह्वान किया कि वे यहां आएं और निवेश करें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्र सरकार का पूरा ध्यान केंद्रित है। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। 2014 से अब तक 103 लाख ग्रामीण सड़कों का निर्माण किया जा चुका है।

आयुष्मान योजना से करोड़ो लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय ने 17 प्रोडक्ट लिंक इनीशेटीव स्कीम प्रारंभ की है, साथ ही उत्तराखंड सरकार ने भी इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियां लाई हैं। उन्होंने उद्यमियों से इन नीतियों का लाभ उत्तराखंड में उठाने की अपील की। उत्तराखंड के वित्त व शहरी विकास एवं आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड जैसी शुद्ध आबोहवा, कानून व्यवस्था और कहीं नहीं है। उन्होंने उद्यमियों से उत्तराखंड में अधिक से अधिक निवेश करने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन, मुख्यमंत्री के सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा आदि उपस्थित रहे।

# जन बना लापरवाह, सड़क पर फेंकी जा रही गंदगी

## जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर बीमारियों को दे रहे न्यौता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : स्वच्छता को लेकर कई जागरूक अभियान चलाए जा रहे हैं। लेकिन, अब भी कई ऐसे व्यक्ति हैं जो अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण शहर की सड़क के किनारे पड़ी गंदगी के ढेर हैं। जगह-जगह जमा गंदगी के ढेर से संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। दुर्गंध के कारण आसपास के परिवार व व्यापारियों का सांस लेना भी दूभर हो जाता है।

घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए नगर निगम की ओर से प्रत्येक वार्ड में वाहनों का संचालन किया जाता है। लेकिन, अब भी कई व्यक्ति वाहनों में कूड़ा डालने के बजाय इसे सड़क किनारे ही फेंक रहे हैं। नतीजा, आमजन की यह लापरवाही शहर की स्वच्छता पर कलंक बन रही है। कई स्थानों पर दोपहर तक गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। ऐसे में राहगिरों का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। सबसे



कोटद्वार में पदमपुर के समीप सड़क किनारे लगे गदंगी के ढेर

अधिक परेशानी सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों को होती है। यही नहीं, पालतू जानवर गंदगी को मुंह में दबा पूरी सड़क पर ही बिखेर देते हैं।

पूर्व में नगर निगम ने शहरवासियों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा नहीं फेंकने की भी चेतावनी दी थी। बावजूद इसके व्यक्ति सुधरने का नाम नहीं ले रहे। हालत यह है कि कई स्थानों पर चेतावनी बोर्ड के समक्ष ही गंदगी के ढेर लगे रहते हैं।

## हल्द्वानी में खेलेगी कोटद्वार बार एसोसिएशन की टीम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : बार एसोसिएशन कोटद्वार की क्रिकेट टीम हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। खिलाड़ियों के चयन के लिए एसोसिएशन की ओर से तीन दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों के चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टीम 20 दिसंबर को हल्द्वानी के लिए रवाना होगी।

शनिवार को महादेव ग्राउंड सत्तीचौड़ में तीन दिवसीय कैंप का उद्घाटन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार पंत ने किया। उन्होंने बताया कि अभी 20 खिलाड़ियों की टीम का ट्रायल चल रहा है। चयनित 15 खिलाड़ी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों का चयन 12 दिसंबर तक कर लिया जाएगा। इस मौके पर अधिवक्ता जितेंद्र सिंह रावत, जसवीर सिंह राणा, प्रवेश रावत, रविंद्र जजेड़ी, प्रकाश नेगी, गोविंद राम शर्मा, रजनीश रावत और सुमन बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## डिवाइडर बनाने की मांग

कोटद्वार : शहर के देवी रोड पर डिवाइडर बनाने की मांग को लेकर भारत सिंह नेगी ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि कोटद्वार शहर की देवी रोड अत्यंत व्यस्तम है। इस मार्ग पर तेज गति से वाहन दौड़ते हैं जिससे यहां दुर्घटना होने का खतरा हर समय बना रहता है। नजीबाबाद चौराहे से एसबीआई बैंक की मुख्य शाखा तक डिवाइडर तो बने हैं, लेकिन इससे आगे देवी मंदिर की ओर एक भी डिवाइडर नहीं है, जिससे वाहनों की गति नियंत्रित नहीं हो पा रही है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से देवी रोड पर डिवाइडर बनवाने की मांग की।

## फुटबाल फाइनल निसनी, दुगडडा जीता

**पौड़ी** : कंडोलिया मैदान में चल रहे जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत शनिवार को बालिका वर्ग के फुटबाल के फाइनल मुकाबले खेले गए। फाइनल मैच में अंडर-19 में निसनी, अंडर-14 और अंडर-17 में दुगड्डा ने जीत दर्ज की।

प्रतियोगिता के तहत अंडर-19 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में निसनी पौड़ी ने दुगडडा को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से हराया। अंडर-14 बालिका वर्ग के फाइनल में दुगडडा ने एकतरफा मुकाबले में पौड़ी को 4-0 से पराजित किया। अंडर-17 बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में भी दुगडडा ने जीजीआईसी पौड़ी को 3-0 से हरा दिया। इस मौके पर जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरेश रावत, भगवान गुसांई आदि मौजूद थे।

## कूड़ा निस्तारण के तरीके बताए

**पौड़ी** : ईकोग्रुप सोसाइटी में यूकॉस्ट के तत्वावधान में नगर पालिका पौड़ी के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी घर व आसपास के लोगों को कूड़ा निस्तारण की विधियों के बारे में जागरूक कर शहर को साफ सुथरा रखने में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि वे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर नगर को स्वच्छ बनाने का काम करें। इस मौके पर करीब 120 से ज्यादा सफाई कर्मचारी और नगर पालिका कर्मचारियों को कूड़े निस्तारण और प्रबंधन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। बताया गया कि इससे पौड़ी शहर को जीरो वेस्ट की तरफ अग्रसर करने में काफी मदद मिलेगी। कार्यक्रम का केंद्र मुख्यत प्लास्टिक वेस्ट पर रहा, जिसमें प्लास्टिक पैकेजिंग, पॉलीथिन इत्यादि को ईकोब्रिक्स के माध्यम से घरों और संस्थानों पर ही इकोफ्रेंडली तरीके से प्रबंध किया जा सकता है। कार्यक्रम में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी गौरव भसीन, हेमंत, आशीष गर्ग, नीलेश राठी आदि मौजूद रहे।

## आज पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

**पौड़ी** : रविवार को जिले भर में पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा। जिले भर में 66 हजार 3 सौ 32 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। सभी अस्पतालों के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों पर बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। सीएमओ डा. प्रवीण कुमार ने बताया कि पल्स पोलियो दवा को पर्याप्त मात्रा में विभिन्न केंद्रों पर समय से रखवा दिया गया है। कहा कि सभी क्षेत्रों में शत-प्रतिशत बच्चें कवर हो, इसके लिए माइक्रो प्लान बनाया गया है। बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए 1 लाख 64 हजार 3 सौ 10 घरों का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के तहत 531 बूथ, 19 ट्रांजिट बूथ, 26 मोबाइल बूथ, 1627 घर-घर भ्रमण के लिए टीमे बनाई गई है। बताया कि 11 से 16 दिसंबर तक डोर-टू-डोर अभियान चलाते हुए छूटे हुए बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी।

## संगठन का स्थापना दिवस दस को

कोटद्वार : शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से संगठन का छठवां स्थापना दिवस समारोह आज 10 दिसंबर को मनाया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में समाज सेवी राजेश सिंह राजा कोली को शैल शिल्पी जन सरोकार सम्मान-2023 से सम्मानित किया जायेगा। यह

# संगठन ने समाज सेवियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वरिष्ठ नागरिक संगठन का 11वां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान संगठन ने समाज सेवा में अपना योगदान देने वाले आठ व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ज्ञान भारती स्कूल के बच्चों ने स्वागत गान, वंदना व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संगठन के महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट ने कहा कि संगठन पिछले कई वर्षों से वरिष्ठ नागरिकों के हित में कार्य कर रहा है। पर्वतारोही व अर्जुन पुरस्कार विजेता डा. हर्षवंती बिष्ट ने कहा कि हमें युवाओं को बेहतर मार्ग दिखाने के लिए कार्य करना चाहिए। कहा कि वरिष्ठ नागरिक संगठन लगातार शहर की समस्याओं के निराकरण के लिए भी कार्य कर रहा है।

हंस फाउंडेशन के प्रांतीय प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि फाउंडेशन की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई हितकारी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवा के लिए अजेय खंतवाल, मयंक प्रकाश कोठारी, अरविंद मखलोगा, विनोद नेगी, एपी डंगवाल, उषा अग्रवाल, स्मृद्धि थपलियाल व जगत सिंह बिष्ट को सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्व में हुई कैरम युगत प्रतियोगिता के विजेता विजय लखेड़ा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, शतरंज के विजेता रघुवीर सिंह रावत व बीबी ध्यानी, कैरम प्रतियोगिता के विजेता सुरदर्शन सिंह बिष्ट, युद्धवीर सिंह रावत व जयवीर सिंह रावत को भी सम्मानित किया गया। संगठन के कोषाध्यक्ष महेंद्र



आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

कुमार अग्रवाल ने सरकार से उत्तराखंड वरिष्ठ नागरिक कल्याण आयोग गठन की मांग उठाई। इस मौके पर डा. मनोरमा ढौंडियाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, केएस चौहान, राजेंद्र सिंह बिष्ट, राजेंद्र पंत, वीरेंद्र सिंह, सतीश ध्यानी, चंद्रमोहन बड़थ्वाल, जगदीश राणा, सूरत सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र खंतवाल आदि मौजूद रहे।

# राइंका मंजाकोट की दीक्षा जिले का करेगी प्रतिनिधित्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**श्रीनगर गढ़वाल** : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नई टिहरी में आयोजित जनपद स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता में राइंका मंजाकोट की बाल वैज्ञानिक दीक्षा का राज्य स्तर के लिये चयन हुआ है। दीक्षा अब राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करेगी।

दीक्षा द्वारा आत्मनिर्भरता के लिये पारिस्थितिकी तंत्र आधारित दृष्टिकोण पर अपनी परियोजना को बनाया गया है। जिसमें उन्होंने विलुप्त होते औषधीय पादप मालकांगनी (मालकौणी) के औषधीय महत्व, संरक्षण हेतु प्रयास और स्थानीय स्तर पर इसके कृषिकरण के लिये लोगों को प्रेरित करना तथा उसको आत्म निर्भरता से जोड़ने से संबंधित विषयों के बारे में बताया।

छात्रा का मार्ग दर्शन कर रहे राज्यपाल और शैलेष मटियानी पुरस्कार से सम्मानित राइंका मंजाकोट के जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अशोक कुमार बडोनी ने बताया कि इस परियोजना कार्य को करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को विलुप्त होते पादपों के बारे में जानकारी प्रदान करना और पारंपरिक औषधीय ज्ञान को स्थानीय लोगों से प्राप्त कर उसका दस्तावेजी करण करना है। साथ ही लोगों को उनकी ही पारिस्थितिकी से जीवीकोपार्जन हेतु तरीके बताना शामिल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद तिवाड़ी ने छात्रा और मार्गदर्शक शिक्षक को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। (एजेंस

## द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के छात्र हितों से जुड़ी मांगों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने विवि परीक्षा नियंत्रक एचएम आजाद से वार्ता की। इस दौरान छात्रों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण हेतु परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर की छात्र संघ सचिव आंचल राणा ने कहा कि स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यवसायिक पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम घोषित न होने पर छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सभी कक्षाओं के बैक परीक्षा परिणाम और सीबीसीएस प्रणाली 2015 के अंतर्गत विद्यार्थियों की बैक लगी है एवं कोर्स की समयावधि पूरा होने के कारण वे कोर्स पूरा नहीं कर पाए, जिससे छात्र परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित रह गए थे। उन्होंने परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम अवसर दिये जाने की मांग भी की। सचिव राणा ने बताया कि छात्रों की मांगों पर परीक्षा नियंत्रक ने जल्द कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अखिल राणा, आयुष भट्ट, अमित भट्ट, प्रितिका, विमल आदि शामिल थे। (एजेंसी)

# जीवन में अध्यात्म के महत्व की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से आमजन को जीवन में अध्यात्म की जानकारी दी गई। इस दौरान पूजा पाठ करने वाले ब्राह्मणों को सम्मानित किया गया। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माउंट आबू से पहुंचे राजयोगी बीके रामनाथ ने योगीराज विश्वपाल जयंत, अनुसुया प्रसाद सेमवाल, शिव कुमार बुड़ाकोटी सहित अन्य कई ब्राह्मणों को सम्मानित किया। कहा कि ब्राह्मणों लोगों को अध्यात्म की जानकारी देते हैं। वह सनातन धर्म को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। कहा कि ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय भी लगातार धर्म के क्षेत्र में अपना योगदान दे रहा है। कार्यक्रम में लोगों से अपने धर्म व शस्त्रों को जानने की भी अपील की गई।




आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

## चौरास झूला पुल को आवाजाही के लिए किया बंद

**श्रीनगर गढ़वाल** : 1977 में बना चौरास झूला पुल आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। लम्बे समय से बंद पड़ा यह पुल जर्जर स्थिति में पड़ा हुआ था। जिसमें लोगों द्वारा आवाजाही की जा रही थी। पुल की जर्जर स्थिति और दुर्घटना की आशंकाओं को देखते हुए लोक निर्माण विभाग श्रीनगर ने आवाजाही बंद करने हेतु पुल के दोनों छोरों पर दीवार लगाने का कार्य शुरू कर दिया है। लोनिवि के अधिशासी अभियंता किशोर कुमार ने बताया कि चौरास झूला पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे आवाजाही के लिए बंद किया जा रहा है। कहा कि नए मोटर पुल पर दोनों ओर पैदल आवाजाही के लिए मार्ग बनाये गये हैं। जिसको देखते हुए पुराने पुल की आवश्यकता न पड़ने, युवाओं के लिए सेल्फी प्वाइंट स्थल बनने एवं पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए आवाजाही को बंद कर दिया गया है। कहा कि पुल के दोनों ओर से दीवार बना दी जायेगी। (एजेंसी)

## खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**श्रीनगर गढ़वाल** : रेनबो प्ले एंड प्राइमरी स्कूल श्रीनगर में एक दिवसीय एथलेटिक मीट आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. रेखा उनियाल ने किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किये गये। नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी बाल रेस में बालिका वर्ग में अहाना फारुकी और बालक वर्ग में खुशनवाज, आश्वी तिवारी, सागर, रक्षित, आराध्या पंवार और वंश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुर्सी दौड़ में अरना फारुकी, आराध्या, आरुष, आरोही चौहान, अपेक्षा रावत, आदित्य, मानसी भारती आरव रावत ने बाजी मारी। 50 मीटर रेस में बालक वर्ग में आहिल और बालिका वर्ग में मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रेखा उनियाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। (एजेंसी)

## राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 107 वादों, बैंक के कुल 103 प्री–लिटिगेशन मामलों का हुआ निस्तारण

**अल्मोड़ा(सं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार शनिवार को जनपद के समस्त न्यायालयों एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निस्तारण हेतु जनपद न्यायालय अल्मोड़ा हेतु 04 बैंच एवं बाह्य न्यायालयों हेतु 03 बैंच सहित कुल 07 बेंच बनाई गई। जनपद न्यायालय अल्मोड़ा में मामलों के निस्तारण हेतु जिला एवं सत्र न्यायाधीश अल्मोड़ा की बैंच के समक्ष निस्तारण हेतु कुल 11 मामलों में 08 मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया जिसमें समझौता धनराशि रुपया इकतालीस लाख नवासी हजार रही।

परिवार न्यायाधीश अल्मोड़ा की बेंच के समक्ष निस्तारण हेतु परिवार न्यायालय अल्मोड़ा के कुल 15 मामले रखे गये जिनमें भरण पोषण एवं वैवाहिक वादों से सम्बन्धित 07 मामलों का निस्तारण कर समझौता धनराशि रुपया तरह लाख बानवे हजार रही। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोडा की बेंच के समक्ष निस्तारण हेतु मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोड़ा न्यायालय के समस्त वाद एवं सिविल जज न्यायालय अल्मोड़ा व न्यायिक मजिस्ट्रेट अल्मोडा न्यायालय के फौजदारी वाद से सम्बन्धित कुल 67 मामलों से 63 लम्बित मामलों का निस्तारण किया गया। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) अल्मोड़ा की बैंच के समक्ष निस्तारण हेतु रखे 10 लम्बित वाद निस्तारित किए गए एवं प्री–लिटिगेशन मामलों में रखे बैंक सम्बन्धित 414 मामलों में से 100 मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया गया।

# कांग्रेसियों ने मनाया सोनिया गांधी का जन्म दिन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए सोनिया गांधी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि भारत की राजनीति में सोनिया गांधी की त्याग और तपस्या सभी कांग्रेस जनो के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने अपनी सास और पति के बलिदान के बाद भी हमेशा अभूत पूर्व धैर्य और संयम का परिचय देते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव का परिचय दिया है, जो अनुकरणीय है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, दिलबर प्रताप सिंह, जगमोहन सिंह नेगी, बलबीर सिंह रावत, नरेन्द्र सिंह नेगी, अमितराज सिंह और चंद्रमोहन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्म दिन मनाते कांग्रेसी

## जंगली जानवरों को लेकर बनाई जाएगी योजना : जुयाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के निदेशक वीरेंद्र जुयाल ने कहा है कि प्रदेश में हरित उत्तराखंड के तहत काम करते हुए किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिए जाने का काम किया जाएगा। किसानों को बंदरों, सूअरों के आतंक से निजात दिलाने के लिए भी राज्य सरकार के साथ मिलकर योजना बनाई जाएगी। ग्रामीण इलाकों के प्रोडेक्ट को बाजार उपलब्ध करवाने के लिए जल्द ही राज्य सरकार के साथ मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुन रहा है। किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

शनिवार को पौड़ी में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के निदेशक वीरेंद्र जुयाल ने कहा अब प्रदेश के हर क्षेत्र का अध्ययन किया जाएगा कि वहां पर कौन सी फसल बेहतर हो सकती है। इसके बाद वहां पर उन ही फसलों का उत्पादन किया जाएगा। कहा कि बोर्ड ग्रामीणों, किसानों की समस्याएं सुनने के लिए जगह-जगह बैठके कर रहा है। इसके साथ ही प्रवासी ग्रामीणियों से भी बागवानी, कृषि करने के लिए प्रदेश में आने की अपील की जा रही है। किसानों की समस्याएं सुनने के बाद उसकी रिपोर्ट बनाकर प्रदेश को हरित उत्तराखंड बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्वेस्टर्स समिट में लोकल को ग्लोबल बनाने पर जोर दिया है। बोर्ड प्रधानमंत्री के इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यहां के मिलेट को पहचान दिलाने व किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का काम करेगा। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता नमन चंदोला आदि शामिल रहे।

## राहुल कपूर रोटरी क्लब के अध्यक्ष तो डा. गुप्ता बनें सचिव

**श्रीनगर गढ़वाल** : रोटरी क्लब श्रीनगर का 24वां अधिष्ठापन समारोह शुक्रवार को अदिति स्मृति न्यास में संपन्न हुआ। समारोह में राहुल कपूर को अध्यक्ष, डा. के.के गुप्ता को सचिव एवं संजय रावत ने कोषाध्यक्ष के रूप में क्लब की 2023-24 की नई कार्यकारिणी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। मंडल अध्यक्ष रो अशोक गुप्ता द्वारा नवीन कार्यकारिणी के सदस्यों को कॉलर और रोटरी पिन पहनाकर रोटरी क्लब की सदस्यता दी गई।

समारोह में बेहतरीन कार्य के लिए निवर्तमान अध्यक्ष रो खिलेंद्र चौधरी को गोल्डन अध्यक्ष एवं सचिव दिनेश प्रसाद जोशी को गोल्डन सेकेट्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। जबकि बेस्ट ट्रेनर का अवार्ड बृजेश भट्ट को दिया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि समाज सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। कहा कि बड़ी से बड़ी बुराई को भी समाज सेवा रूपी हथियार की मदद से मिटाया जा सकता है। जब तक हमारे देश में लोग दु:खों एवं कष्टों में रहेंगे तब तक हमारा समाज कभी आगे नहीं बढ़ पायेगा। इसलिए लोगों के कष्टों को दूर करने के लिए हम सब को प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम के अतिविशिष्ट अतिथि एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित मोहन अवस्थी ने रोटरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अपने कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए एनआईटी हर संभव मदद करेगी। कार्यक्रम में संजय गुप्ता, राजेंद्र भंडारी को समाज सेवा एवं अनुज जोशी को गो सेवा के लिये रोटरी वोकेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, मोहन लाल जैन, समाजसेवी अनिल स्वामी, उक्रांद के अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत, कवि नीरज नैथानी, देवेंद्र उनियाल, संदीप रावत, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, सौरभ पांडे, नरेश नौटियाल, एसपी घिल्डियाल, अनूप घिल्डियाल, केबी थपलियाल, डा. हरीश भट्ट, मनीष कोठियाल आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रो मोहम्मद आसिफ ने किया। (एजेंसी)

## मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची लमगड़ा, 17 प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया

**अल्मोड़ा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को विकासखंड लमगड़ा के ग्राम पंचायत ठाठ पहुंची जहां पर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की 17 प्रमुख योजनाओं के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पात्र लोगों के चिन्हीकरण के लिए लोगों से प्रपत्र भी इकट्ठा किए। इस कार्यक्रम के तहत विकासखंड लमगड़ा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद एवं उनके संबोधन को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने वर्चुअल माध्यम से सुना। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को मोदी की गारंटी वाली गाड़ी कहकर लोगों से आह्वान किया कि यह गाड़ी जरूरतमंदों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चलाई गई है, इसलिए अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठाएं।

इस दौरान ग्राम पंचायत ठाठ की पांच महिलाओं को पूर्ति विभाग के माध्यम से



उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन भी दिए गए। इस दौरान भारत को विकसित बनाने के लिए सभी ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने विकसित भारत की शपथ भी ली तथा 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सभी ने अपना अपना योगदान देने की बात कही। आयोजित कार्यक्रम में नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत ड्रोन उड़ाकर इसका प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, ब्लॉक प्रमुख विक्रम बगड़वाल, परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी एसके पंत, खंड विकास अधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ही ताकुला विकास खंड के बैगनिया ग्राम पंचायत के लोगों, कई ग्राम/ विकास खंड / जिला स्तरीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृषि और विकास बैंक (नाबार्ड) के ज़िला विकास प्रबंधक गिरीश चंद्र पंत भी मौजूद रहे। उन्होंने सहकारी समिति से किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के लाभार्थी महेश चंद्र जोशी से इस संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने बताया कि नाबार्ड के द्वारा दिये जा रहे ब्याज अनुदान से उन्हें ब्याज मुक्त ऋण मिल पा रहा है। अल्मोड़ा ज़िला सहकारी बैंक सोमेश्वर के शाखा प्रबंधक सुनील वर्मा ने अपने बैंक से चल रही विभिन्न योजनाओं के विषय में बताया, नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से चल रहे वित्तीय साक्षरता अभियानों के विषय में भी बताया गया।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर काटे चालान

**रुद्रपुर(सं)।** थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय ने बताया कि एसएसपी के सख्त निर्देश पर शुक्रवार सुबह जाफरपुर, गदरपुर और कालीनगर मार्ग पर स्कूली बसों व बच्चों को स्कूल ले जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहनों की फिटनैस, बस के भीतर की सुरक्षा, आग से बचाव आदि उपकरण की जांच की गई इस दौरान खामियां पायी जाने पर 30 वाहनों का चालान एमबी एक्ट में किया गया। सभी चालकों को तत्काल खामियों को दूर करने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अलावा मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बुक्सौरा निवासी परमजीत सिंह की पत्नी पिंकी कौर के 30 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

## बंदर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलटी कार

**संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बंदर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर कार पलटने से शिक्षिका सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि शिक्षिका की तीन वर्षीय पुत्र बाल–बाल बच गया।

दोनों घायलों को आपातकालीन सेवा 108 ने उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां महिला की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शनिवार को पीलीभीत रोड निकट हनुमान मंदिर निवासी शिक्षिका 37 वर्षीय रेनू भार्गव पत्नी राम प्रवेश अपने तीन वर्षीय पुत्र कृष्णा के साथ कार से बोदीभूड़ प्राथमिक विद्यालय ड्यूटी जा रही थी। कार भूड़ निवासी सरताज चला रहा था। इसी दौरान मेलाघाट रोड़ पर वनशक्ति मंदिर के पास सड़क पर अचानक आए बंदर को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में शिक्षिका रेनू व चालक सरताज गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि शिक्षिका पुत्र कृष्णा बाल बाल बच गया।

राहगीरों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर आपातकालीन सेवा 108 को सूचित किया। मौके पर पहुंची एंबुलेंस 108 ने दोनों घायलों को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। महिला के सिर पर चोट लगने के कारण चिकित्सक वीपी सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## कांग्रेस और भाजपा के मुकाबले के लिए क्षेत्रीय गठबंधन बनाने की अपील

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने उत्तराखंडी सोच की सभी राजनीतिक व आंदोलनकारी ताकतों से राजनीतिक स्तर पर कांग्रेस व भाजपा के मुकाबले के लिए क्षेत्रीय राजनीतिक गठबंधन बनाने की अपील की है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पी सी तिवारी एवं केंद्रीय महासचिव नरेश नौडियाल ने यहां कहा कि यदि हम इसमें सफल हुए तो राज्य की जनता इस पहल का पूरे दिल से स्वागत करेगी। प्रेस को जारी एक बयान में उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पी सी तिवारी एवं केंद्रीय महासचिव नरेश नौडियाल ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस जैसे दल अपने कृपा पात्र कुछ इन्वेस्टरों के माध्यम से राज्य की जनता को विकास व रोजगार के सपने दिखाते आए हैं पर इतिहास गवाह है कि इस प्रक्रिया में उत्तराखंड तेजी से अपने प्राकृतिक संसाधनों, जमीनों, व्यवसायों से हाथ धो रहा है ।

# लोक अदालत में 112 मामले निस्तारित




जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रुद्रप्रयाग के तत्वाधान में शनिवार को जनपद न्यायालय रुद्रप्रयाग एवं बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिले की लोक अदालतों में 112 मामलों का निस्तारण किया गया।

सचिव/सिविल जज (सी0डि0), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रुद्रप्रयाग रवि रंजन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वाद से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन के कुल 15 मामलों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कर कुल 20,52,917 समझौता राशि वसूल की गई।

श्रीमान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रुद्रप्रयाग राजेश कुमार की पीठ द्वारा कुल 89 वादों का निस्तारण कर मुव. 38,60,592 धनराशि समझौता राशि वसूल की गयी। श्रीमान सिविल जज (जू0डि0), बाह्य न्यायालय ऊखीमठ रोहित कुमार पाण्डेय की पीठ द्वारा कुल 08 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें कुल मुव0 4,92,500 धनराशि समझौता राशि वसूल की गयी। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन में पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, रुद्रप्रयाग, समस्त अधिवक्तागणों सहित न्यायालय के कार्मिकों द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## प्रार्थना सभा में गाया जा रहा शिक्षक संदीप रावत का गढ़वाली गीत

रुद्रप्रयाग : राइंका धद्दी घंडियाल के प्रवक्ता, गढ़वाली लेखक एवं गीतकार संदीप रावत ने गढ़वाली भाषा में मेरु देश महान नाम से गढ़वाली देशगान की रचना की है, जिसे विभिन्न विद्यालयों के प्रार्थना सभाओं में गाया जा रहा है। शिक्षक संदीप द्वारा रचित गढ़वाली देशगान के शुरुआती बोल ह्यमेरा देश हे भारत को देखा, जग मा बड़ो सम्मान चा, धौंदा चरण सिंधु अर हिमालै मुण्ड की शान चा, मेरु देश बड़ो महान चाह्न है। अब उनके विद्यालय सहित जनपद टिहरी, पौड़ी व रुद्रप्रयाग के विभिन्न विद्यालयों की प्रार्थना सभा में यह गढ़वाली समूह गान गढ़वाली सरस्वती वंदना के साथ हो रहा है। सोशल मीडिया पर भी यह देशगान बहुत वायरल हो रहा है। शिक्षकों एवं समाज द्वारा शिक्षक संदीप रावत की इस पहल की बहुत सराहना की जा रही है। उनके विद्यालय के प्रधानाचार्य एमपी. डिमरी सहित सभी शिक्षकों, जिला टिहरी के मुख्य शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद सेमवाल,राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मण्डलीय महामंत्री गढ़वाल शिव सिंह नेगी आदि ने उनकी इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त की। मुख्य शिक्षा अधिकारी शिव प्रसाद सेमवाल का कहना है कि शिक्षक संदीप रावत ने सृजन का एक नया आयाम रचा है और वे सामाजिक एवं शैक्षिक सरोकारों से निरंतर कर्मरत एक प्रेरक शिक्षक हैं। शिक्षकों ने इसे संस्कृति और सरोकारों के संरक्षण की दिशा में संदीप रावत का कार्य प्रशंसनीय और अनुकरणीय बताया है। (एजेंसी)

## भाजपा का कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन

चमोली : झारखंड के कांग्रेस सांसद से कथित तौर पर जुड़े एक कारोबारी समूह पर आयकर के छापे के दौरान पकड़े गए करोड़ों की धनराशि पर यहां भाजपा ने प्रदर्शन किया। शनिवार को भाजपा नगर कार्यकारिणी ने मुख्य बाजार में कांग्रेस सांसद धीरज साहू सहित कांग्रेस और भ्रष्टाचार का संयुक्त पुतला फूंका। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुभाष चमोली ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में भ्रष्टाचार की जननी है। लगातार कांग्रेस नेताओं के नाम भ्रष्टाचार में आ रहे हैं। इस दौरान भाजपाइयों ने कांग्रेस और भ्रष्टाचार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों मे सोशल मीडिया के चमोली जिला प्रभारी हरीश सती, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष गणेश शाह, जीवन पुरोहित, नवीन पुजारी, राकेश रावत, सागर आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# स्वस्थ देश के लिए स्वस्थ बेटी जरूरी

चमोली : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में फीलगुड फाउंडेशन द्वारा छात्राओं को ह्यस्वस्थ बिटिया-स्वस्थ भारतह्न के तहत मासिक धर्म जागरूकता की जानकारी दी गई।

शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में फीलगुड फाउंडेशन के निदेशक आशीष रंजन ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त सेनेटरी पैड बेहतर स्वास्थ्य देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी जरूरी है। महिला सशक्तीकरण अभियान की सदस्या पूनम राणा ने कहा कि मासिक धर्म के समय स्वच्छता पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य प्रो.के.एल.तलवाड़ ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं की अधिक संख्या है, इस दृष्टिकोण से भी मासिक धर्म जागरूकता अभियान की उपयोगिता बढ़ जाती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. चन्द्रावती टम्टा ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान इस अभियान पर विशेष फोकस रहेगा। कार्यक्रम अधिकारी डा. हिना नौटियाल ने कहा कि ह्यहेल्थ एंड हाइजीनह्न आज के समय की मांग है। कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्षा कांता रावत, डा. शीतल देशवाल, डा. नेहा तिवारी पाण्डेय, डा. दिशा शर्मा, डा. कविता पाठक, डा. स्वाति सुंदरियाल, डा. ममता चौहान सहित अनेक प्राध्यापिकाएं व छात्राएं मौजूद रहीं। (एजेंसी)

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची टिहरी के 352 गांवों तक

नई टिहरी : विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अब तक जनपद टिहरी के 9 विकास खण्डों के 352 ग्राम पंचायत तक मोदी सरकार की गांरटी वैन ने पहुंचकर केंद्र सरकार की 17 योजनाओं की जानकारी देते हुए इसका लाभ लाभार्थी को देने का काम किया है।

केंद्रीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार व जरूरत मंदों को लाभान्वित करने के लिए जनपद के विकास खण्ड भिलंगना में 4 आईईसी वाहनो, विकासखण्ड जौनपुर, नरेन्द्रनगर, चम्बा, प्रतापनगर तथा देवप्रयाग में 3-3 तथा विकासखण्ड जाखणीधार, कीर्तिनगर एवं थौलधार में 2-2 आईईसी वाहनों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेक आईईसी वाहनों के माध्यम से केन्द्र सरकार की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं यथा पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी व ग्रामीण), स्वच्छ भारत अभियान, अमृत योजना, पीएम भारतीय जन औषधि योजना, सौभाग्य योजना, डिजी पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर, डे एनआरएलएम, पीएम विश्वकर्मा, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम पोषण अभियान, किसान क्रेडिट कार्ड, हर घर जल, स्वामित्व, जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम एवं नैनो फर्टिलाइजर आदि योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक दी जा रही है। (एजेंसी)

## कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नेगी का निधन

चमोली : कांग्रेस के पूर्व में ब्लाक अध्यक्ष रहे और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिगंबर नेगी के पिता गबर सिंह नेगी का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। शनिवार को उनकी अंत्येष्टि यहां संगम घाट पर की गई। वन विभाग में रेंजर पद से सेवानिवृत्त गबर सिंह नेगी साल 2010 से 2017 तक कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रहे। गबर सिंह नेगी के निधन पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुकेश नेगी, व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वरी मैखुरी, भाजपा के नगर अध्यक्ष सुभाष चमोली, प्राशिसं के जिला मंत्री मुकेश नेगी और पूर्व जिलाध्यक्ष यदुवीर बिष्ट, भाजपा के हरीश सती, भुवन नौटियाल, वीरेंद्र सिंह मिंगवाल, नगर उद्योग व्यापार मंडल, कांग्रेस की नगर, ब्लाक एवं जिला कार्यकारिणी सहित उत्तराखंड राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, राजकीय शिक्षक संघ, कपीरी विकास संघर्ष समिति सहित कई अन्य ने शोक जताया है।

दूसरी ओर नगर के युवा व्यापारी हारून सिद्दीकी के आकस्मिक निधन पर व्यापारियों ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# टिहरी में कांग्रेस सांसद साहू का फूंका पुतला

नई टिहरी : झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग के छापे में लगभग तीन सौ करोड़ की नगदी पकड़े जाने को लेकर जिला मुख्यालय पर भाजपाइयों ने सांसद साहू का पुतला फूंकते हुए कांग्रेस पर भ्रष्टाचार कर कालेधन के संग्रह का आरोप लगाया है। शनिवार को भाजपाइयों ने भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के नेतृत्व में सांसद धीरज साहू के पुतले के साथ हनुमान चौक पर प्रदर्शन करने के बाद साहू का पुतला फूंकते हुए कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर आरोप लगाया कि कांग्रेस का चरित्र भ्रष्टाचार व कालेधन संग्रह का रहा है। आयकर विभाग के छापे में कांग्रेस सांसद का कृत शर्मनाक है।



गरीबों की जेब पर डाका डालने वाला है। पुतला फूंकने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल, मंडल अध्यक्ष नई टिहरी गोपी राम चमोली, अल्पसंख्या मोर्चे के जिलाध्यक्ष तौफीक अहमद, जयेंद्र पंवार, देवेंद्र बेलवाल, दर्मियान कंडारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव गुसांई, विनीत उनियाल, अनुज डबराल, नीरज गिरी, असगर अली, शीशराम थपलियाल, अनुसूया नौटियाल, कलम दास, राम लाल नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# छात्रों को गणित की जटिल गणना का अभ्यास कराएं

नई टिहरी : जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान नई टिहरी में पांच दिवसीय अबेकस प्रशिक्षण के पहले चरण में 37 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। डायट प्राचार्य ने शिक्षकों से छात्रों को जटिल गणनाओं का नियमिति अभ्यास करने को कहा। जिला शिक्षा एंव प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में अबेकस प्रशिक्षण के पहले चरण के समापन पर प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. मनवीर सिंह नेगी ने कहा कि अबेकस प्रशिक्षण गणितीय जोड़, घटाना, गुणा और भाग की सक्रियाओं को समझने के साथ उन्हें हल करने में सरलता प्रदान करने का कार्य करता है। इससे गणितीय जटिलता को सरलता से हल किया जा सकता है। पांच दिवसीय अबेकस प्रशिक्षण के समापन पर डायट प्राचार्य दीपक रतूड़ी ने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक शिक्षिकाएं अपने अपने विद्यालयों के छात्रों को नियमित रुप से गणितीय गणना का अभ्यास कराएं, जिससे छात्र जटिल गणनाओं को आसानी से हल कर सकें। मौके पर नरेशचंद कुमाईं, सरिता असवाल, डॉ. वीर सिंह रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## शौचालयों में नियमित सफाई कराई जाय

रुद्रप्रयाग : नगर पालिका रुद्रप्रयाग क्षेत्र में बने शौचालयों में गंदगी होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विश्व अखाड़ा परिषद (गौ रक्षा विभाग) ने पालिका से शौचालयों की नियमित साफ सफाई करने की मांग की है। ताकि लोगों को दुर्गंध का सामना न करना पड़े। गौ रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष रोहित डिमरी ने ईओ को दिए ज्ञापन में कहा कि नगर पालिका रुद्रप्रयाग के शौचालयों में साफ-सफाई की नियमित नहीं की जा रही है। मुख्य बाजार के मोनी पान भंडार के पास बने शौचालय में हर समय दुर्गंध फैली रहती है, जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को मुंह में रूमाल रखकर चलना पड़ता है। इसके साथ ही नगर के अन्य स्थानों पर बनाए गए शौचालयों में भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं है। जिससे राहगीरों के साथ ही व्यापारियों को खासी दिक्कतों को सामना करना पड़ता है। उन्होंने शौचालयों में सुबह और सांय के समय बेहतर तरीके से सफाई व्यवस्था करने की मांग की है। ताकि लोगों को दुर्गंध से निजात मिल सके। (एजेंसी)


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा **ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से** आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्या और कार्य का विवरण : 96A-ST-ON-BLM-MB-22-23,** प्रोबिजन ऑफ़ टेम्परारी शिफ्टिंग एल सी नंबर 96 A एट किलोमीटर 97.305 इन उन्नाव – बलामाऊ सेक्शन ड्यू टू कंस्ट्रक्शन ऑफ़ ROB एट existing L.C. गेट ऑफ़ मुरादाबाद डिवीज़न

**लगभग लागत रुपये** : 2158135.22 | **अग्रिम धन रुपये** : 43200.00

**निविदा फॉर्म की लागत रु.** : Nil

**निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय** : 03.01.2024 15:00 hrs

**नोटः-** निविदा के पूरा विवरण **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना **96A-ST-ON-BLM-MB-22-23 दि0 : 07.12.2023** **3878/2023**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 240-DRM-MB-23-24 dt. 07.12.2023 |
|---|---|
| Name of work | Deployment of Skilled And Nonskilled for day to day maintenance on hiring basis for maintenance of residential and service building in the section of ADEN/HQ/MB 201/2023 (Rev) |
| Tender Closing Date / Time | 01.01.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 1,47,03,567.84 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 2,23,500.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 5,000.00 |
| Bidding Start Date | 18.12.2023 |
| Period of Completion | 09 Month |

**सं.: 75-W/2/3/WA/Publication** **दिनांक: 07.12.2023** **3863/2023**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# ऊब्रे मतदाताओं का जनादेश

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता अक्सर हर उस नई शक्ति को मौका देने का जोखिम उठाते हैं, जिसमें उन्हें संभावना नजर आती है। दूसरी तरफ अगर राजनीतिक दल और नेता लगातार अपना पुनर्आविष्कार ना करते रहें, तो वे लोगों में एक ऊब्र पैदा कर देते हैं।

छत्तीस वर्ष पहले पूर्ण राज्य बनने के बाद से मिजोरम ने अब तक दो पार्टियों– कांग्रेस और मिजो नेशनल फ्रंट– का राज ही देखा था। इस पूरे दौर में दो नेता– ललथनहवला और जोरामथंगा– ही वहां की सियासत पर छाये रहे। इस गतिरुद्धता से ऊब्रे मिजोरम के मतदाताओं ने अब इन दोनों ही पार्टियों को विश्राम दे दिया है। ताजा विधानसभा चुनाव में उन्होंने सिर्फ चार साल पहले बनी पार्टी– जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) को दो तिहाई बहुमत से सत्ता सौंप दी है। इस पार्टी के नौकरशाह रह चुके नेता ललडुहोमा अब मुख्यमंत्री बनेंगे। पूर्व आईपीएस अधिकारी ललडुहोमा एक राजनीतिक प्रशासक के तौर पर कैसी भूमिका निभाएंगे, यह तो बाद में जाहिर होगा। लेकिन इस जनादेश ने दो बातें साबित की हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता अक्सर हर उस नई शक्ति को मौका देने का जोखिम उठाते हैं, जिसमें उन्हें संभावना नजर आती है। दूसरी बात यह कि अगर राजनीतिक दल और नेता लगातार अपना पुनर्आविष्कार ना करते रहें, तो वे लोगों में एक ऊब्र पैदा कर देते हैं। इसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ती है।

कांग्रेस को इस पहलू की कीमत लगभग सारे देश में चुकानी पड़ रही है। दरअसल, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में करारी हार के एक दिन बाद आए मिजोरम के चुनाव नतीजों ने उसके जख्म पर और नमक डाला है। जो पार्टी गुजरे 36 वर्षों में लगातार राज्य में एक प्रमुख शक्ति रही, वह इस बार वहां सिर्फ एक सीट जीत पाई है। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने अपने हिंदुत्व के तमाम एजेंडे के बावजूद इस ईसाई बहुल राज्य में दो सीटें जीत ली हैं। इस परिणाम ने भी यही रेखांकित किया है कि कांग्रेस अपने को नया रूप देने में विफल है, इसलिए मतदाताओं में नए सिरे से वह कोई उम्मीद नहीं जगा पा रही है। इस कारण वह धीरे–धीरे सियासत में अपनी प्रासंगिकता खो रही है। यह कड़वा तथ्य उसके सामने है कि जिस किसी राज्य में एक बार वह प्रथम दो स्थान से नीचे चली जाती है, वहां वह फिर खड़ी नहीं हो पाती। जाहिर है, अब मिजोरम में भी यह खतरा उस पर मंडरा रहा है।

# ब्रिटेनः कुआँ और खाई!

श्रुति व्यास

उनके अपने देश में कल का कोई ठिकाना न था। इसलिए वे एक बेगाने देश में गए। लेकिन वहां भी उनका कोई ठिकाना नहीं है। अमेरिका, यूरोप या ब्रिटेन में शरण चाहने वाले लगभग सभी लोगों की कमोबेश यही कहानी है। ब्रिटेन में यह अनिश्चितता और ज्यादा कष्टपूर्ण बन गई है। ऋषि सुनक की सरकार दुनिया भर से ब्रिटेन आने वाले शरणार्थियों को मध्य अफ्रीका भेजने की योजना पर दृढ है।

इस योजना की शुरूआत 2010 में हुई थी। कंजरवेटिव सत्ता में आए और उन्होंने वायदा किया कि शरणार्थियों की संख्या में वृद्धि की दर सालाना एक लाख से कम की जाएगी।

सन 2016 में ब्रेक्सिट के बाद ब्रिटेन की सीमाओं पर ब्रिटेन का पूर्ण नियंत्रण दुबारा कायम हुआ। सन् 2019 में कंजरवेटिव पार्टी के घोषणापत्र में शरणार्थियों की संख्या कम करने का संकल्प एक बार फिर व्यक्त किया गया, हालांकि इस बार कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया। युद्ध, अकाल और जलवायु संबंधी समस्याओं के चलते ब्रिटेन में बसने वालों की संख्या बढ़ती गई। सन् 2022 में यह आंकड़ा 7,45,000 था। इसी का नतीजा है कि ऋषि सुनक की सरकार मुखर होकर इस मुद्दे पर बोल रही है और इस संख्या को घटाने के लिए दृढ़ है।

दुनिया में आप्रवासन एक संवेदनशील मुद्दा है जिसे लेकर लोग जज्बाती हैं और जो वोट दिलाता है। यूगव (ब्रिटेन स्थित एक डाटा फर्म) के मुताबिक, इस वक्त ब्रिटेन के 40 प्रतिशत लोग आप्रवासन और शरणार्थियों संबंधी मसलों को सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं जबकि 2021 की शुरूआत में उनका प्रतिशत 20 से भी कम था।


पिछले महीने यूके के सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि शरणार्थियों को मध्य अफ्रीका भेजने के निर्णय का आधार एक समझौता मात्र है और किसी देश से इस बारे में संधि नहीं की गयी है, अतः यह गैर–कानूनी है। ऋषि सुनक ने कहा है कि वे न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने का रास्ता ढूंढ रहे हैं। हालांकि आलोचकों का कहना है कि इस नीति का असली मकसद है कंजरवेटिव काल में शरणार्थियों के अनसुलझे मामलों के भारी बैकलॉग से लोगों का ध्यान हटाना। इसका नतीजा यह हुआ है कि शरणार्थियों पर करदाताओं का लगभग 4.8 अरब डालर व्यय हो रहा है झ जो आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में दुगना है।

मंगलवार को गृहमंत्री जेम्स क्लेवरली ने किगाली की यात्रा की जहां उन्होंने रवांडा की सरकार के साथ एक संधि पर हस्ताक्षर किए। यह चुनावी माहौल बनने के पहले शरणार्थी संकट पर काबू पाने का प्रयास था। क्लेवरली ने यह भी कहा कि आगामी वसंत से वर्क वीजा चाहने वालों को साल में 38,700 पौंड कमाने होंगे। यह राशि पहले 26,200 पौंड थी। जिन क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी के चलते वीजा संबंधी छूटें थीं उनका पुनरावलोकन किया जाएगा और विदेशी जीवनसाथी और आश्रितों को ब्रिटेन आने देने संबंधी नियम भी कड़े किए जाएंगे।

ये सारे नए प्रस्ताव ब्रिटिश लोगों को पसंद नहीं आ रहे हैं झ उन्हें भी नहीं जो कड़ी आप्रवासन नीतियों के हामी हैं। रवांडा संबंधी नीति भी अलोकप्रिय है जनता को लगता है कि अप्रवासियों से निपटने के लिए उन्हें जबरदस्ती अफ्रीका जाने वाले विमानों में बैठाने का निर्णय लागू करने लायक नहीं है। वे इस बात से भी चिंतित हैं कि इन नए प्रस्तावों के चलते श्रमिकों की कमी हो जाएगी। जीवनसाथियों से संबंधित वीजा नियम कड़े करने से गरीब, युवा और दक्षिण–पूर्व के अलावा अन्य क्षेत्रों के लोगों में आक्रोश है। और भय यह है कि जितने लंबे समय तक यह मूर्खता जारी रहेगी, उतने ही अधिक समय और ऊर्जा की बर्बादी होगी। इस योजना को लोगों को उनके देश भेजने की पुरानी योजनाओं से जोड़ा जायेगा, जिससे अंधराष्ट्रवाद और विदेशियों के प्रति फोबिया को बढ़ावा मिलेगा।कुल मिलाकर ब्रिटेन दुविधा में है। एक तरफ है घटिया नीति का कुआँ और दूसरी तरफ भोंडी राजनीति की खाई।

# वीपी सिंह नए अम्बेडकर हैं!

अजीत द्विवेदी



डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर इस समय भारतीय राजनीति और कुछ हद तक समाज के भी सबसे बड़े आईकॉन हैं। छह दिसंबर को उनको महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने की जैसी कतार लगी वह मिसाल है। पहले सिर्फ कांशीराम और मायावती को उनकी जरुरत थी या रिपब्लिकन पार्टी के अलग अलग धड़े उनके नाम की माला जपते थे। लेकिन अब सबको उनकी जरुरत है। आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने तो सरकारी कार्यालयों में महात्मा गांधी की तस्वीरें उतरवा कर अम्बेडकर की तस्वीरें लगा दी हैं। बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यू ने भीम संसद यात्रा निकाली और 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर पटना में भीम संसद रैली की। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने डॉक्टर अम्बेडकर की तस्वीरों के साथ दलित गौरव यात्रा निकाली। कांग्रेस और भाजपा जैसी बड़ी पार्टियों के साथ–साथ प्रादेशिक पार्टियां और दलित राजनीति में उभर रहे नए युवा चेहरे भी उनके नाम की राजनीति कर रहे हैं। डॉक्टर अम्बेडकर इस समय वोट दिलाने वाला सबसे प्रभावी नाम हैं।

लेकिन ऐसा नहीं है कि यह स्थिति हमेशा थी। आजादी से पहले डॉक्टर अम्बेडकर ने दलित और उसके साथ साथ तमाम पिछड़े और वंचित समूहों के लिए बहुत काम किया। उन्होंने आजादी की लड़ाई के समानांतर दलितों, पिछड़ों, वंचितों की लड़ाई लड़ी और संविधान में उनको अधिकार दिलाए। लेकिन आजादी के बाद अम्बेडकर बड़ी राजनीतिक शख्सियत नहीं बन पाए। वे हर बार लोकसभा का चुनाव हारे। नेहरू की कृपा से सांसद और मंत्री बने फिर नाराज होकर इस्तीफा भी दिया। हालांकि तब भी वे दलित उत्थान की अपनी राजनीति करते रहे। निधन के बाद कोई तीन दशक तक वे इतिहास की अतल गहराइयों में दबे रहे। अस्सी के दशक में कांशीराम ने बहुजन समाज पार्टी का गठन किया और जय भीम के नारे के साथ राजनीति शुरू की तो डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के योगदान पर चर्चा शुरू हुई। हालांकि वह भी कम मुश्किल काम नहीं था। कांशीराम और मायावती उत्तर प्रदेश के गांवों में अम्बेडकर की मूर्तियां लगाते थे और जातीय अहंकार में कहीं ऊंची जाति के लोग तो कहीं पिछड़ी जाति के लोग उन्हें तोड़ देते थे। समय का चक्रऐसा चला कि इस साल अक्टूबर में अमेरिका के मेरीलैंड में डॉक्टर अम्बेडकर की 19 फीट ऊंची प्रतिमा लगी, जिसे स्टैच्यू ऑफ इक्वलिटी का नाम दिया गया और 26 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट में उनकी मूर्ति का अनावरण किया। डॉक्टर अम्बेडकर के बारे में इतनी लंबी भूमिका लिखने का मकसद यह जानकारी सामने लाना है कि इतिहास की अतल गहराइयों से उनको निकाल कर भावी इतिहास के पहले पन्ने पर लाने वालों में कांशीराम और मायावती के अलावा तीसरे व्यक्ति विश्वनाथ प्रताप सिंह उर्फ वीपी सिंह थे, जिनके प्रधानमंत्री रहते मार्च 1990 में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। अब स्थितियां ऐसी बनी हैं कि अपने आप यह सवाल उठ रहा है कि क्या इतिहास अपने को दोहराएगा? बिल्कुल डॉक्टर अम्बेडकर की तरह इतिहास की अतल गहराइयों में दबा दिए गए वीपी सिंह के भी दिन लौटेंगे और देश पिछड़ों के उत्थान के लिए किए गए उनके फैसले को याद करेगा और उन्हें सम्मानित करेगा? वीपी सिंह ने बरसों से दबी मंडल आयोग की रिपोर्ट को झाड़–पोंछ कर निकाला था और उसे लागू कर दिया था। उन्होंने देश की 52 फीसदी पिछड़ी आबादी को सरकारी संस्थानों में दाखिले और सरकारी नौकरियों में 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की। इसके लिए उन्हें अपनी सत्ता गंवानी पड़ी और अपने ही समाज के लोगों के बीच अपमानित होना पड़ा। लेकिन उनका वह फैसला देश की राजनीति और सामाजिक व्यवस्था में आमूल–चूल परिवर्तन लाने वाला साबित हुआ।

वीपी सिंह ने जो काम डॉक्टर अम्बेडकर के लिए किया था लगभग उसी तरह का काम डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने वीपी सिंह के लिए किया है। स्टालिन ने पिछड़ों का मसीहा और उद्धारक बताते हुए चेन्नई में उनकी मूर्ति लगवाई है। यह एक बार फिर देश की राजनीति में आने वाले बदलाव और उसमें वीपी सिंह की मौजूदगी के नए दौर की शुरुआत है। जिस तरह वीपी सिंह ने भांप लिया था कि अब अम्बेडकर की राजनीति का समय आ रहा है उसी तरह स्टालिन को पता चल गया है कि अब वीपी सिंह की राजनीति का समय आ रहा है। पूरे देश में पिछड़ी जातियां जिस अदांज में अपनी सामाजिक पहचान उजागर करके अपना स्वाभाविक स्पेस हासिल कर रही हैं और सामाजिक पहचान को राजनीतिक पूंजी में तब्दील कर रही हैं उससे लग रहा है कि उनको भी उसी तरह एक मसीहा की जरुरत है, जैसे अस्सी–नब्बे के दशक में दलित समूहों की थी। उस जरुरत की पूर्ति डॉक्टर अम्बेडकर से हुई तो मौजूदा जरुरत की पूर्ति वीपी सिंह से हो सकती है।

ध्यान रहे इस समय पूरे देश में पिछड़ी जातियों की सामाजिक व राजनीतिक चेतना उभार पर है। बिहार में जाति गणना के आंकड़े सामने आने और उस आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले से सोशल डायनेमिक्स और राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलेंगे। इसे भांप कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पूरे देश में जाति गणना कराने का वादा कर रहे हैं और उन्होंने राममनोहर लोहिया, कांशीराम आदि की तर्ज पर एक नारा दिया है– जितनी आबादी उतना हक। आबादी के अनुपात में दलितों को उनका हक दिलाने की शुरुआत अगर डॉक्टर अम्बेडकर ने की थी तो पिछड़ों को उनका हक दिलाने की शुरुआत वीपी सिंह ने की। हो सकता है कि अम्बेडकर के साथ दलित समुदाय जैसा आत्मिक जुड़ाव महसूस करता है वैसा वीपी सिंह के साथ पिछड़ी जातियां नहीं महसूस करें इसके बावजूद पार्टियों की राजनीतिक मजबूरी वीपी सिंह को व्यापक समाज में स्वीकृति और वह स्थान दिला सकती है, जिसके वे सचमुच हकदार थे। वे ठाकुर समाज से थे और राज परिवार से आते थे लेकिन आजाद भारत के पहले नेता था, जिनके लिए यह नारा लगा कि 'राजा नहीं फकीर है, भारत की तकदीर है'।

भारत की तकदीर एक बार फिर अपनी दिशा बदल रही है। हो सकता है कि इससे स्थापित सामाजिक व्यवस्था टूटती दिखे लेकिन जब इसमें ठहराव आएगा तो हो सकता है कि उसके नतीजे सुखद हों। आज पारंपरिक रूप से दबंग और अगड़ी मानी जाने वाली जातियां अपने को पिछड़ों में शामिल कराने की लड़ाई लड़ रही हैं और ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि राजनीतिक विमर्श की दिशा बदल रही है। अगर जाटों, मराठों और यहां तक की बिहार के भूमिहारों को भी पिछड़ी जाति में शामिल होना है तो यह कोई मामूली बात नहीं है। इसका मतलब है कि भारतीय समाज में कोढ़ की तरह मौजूद अगड़ी–पिछड़ी और दलित जातियों का ढांचा टूट सकता है। जिस सामाजिक समरसता के लिए समाज सुधारक और कई सांस्कृतिक–धार्मिक संगठन दशकों से काम करते रहे वह जाति गणना, आरक्षण की सीमा बढ़ाने और वीपी सिंह के राजनीतिक विमर्श के केंद्र में लौटने से हासिल हो सकता है।

# उत्तर—दक्षिणः विवेकहीन विवाद

सेंतिलकुमार ने बाद में माफी मांग ली, लेकिन उनकी जैसी सोच वाले लोगों को यह भी बताना चाहिए कि जब डीएमके अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में शामिल हुई थी, तब क्या उसने ऐसा "गौ मूत्र" को अपना कर किया था?

जो (कु)तर्क रविवार शाम से सोशल मीडिया पर बहुचर्चित है, डीएमके के नेता डीएनवी सेंतिलकुमार ने उसे संसद में कह दिया। (कु)तर्क यह है कि दक्षिण भारत प्रगतिशील और विकसित है, इसलिए वहां भारतीय जनता पार्टी चुनाव नहीं जीत पाती। जबकि उत्तर भारत "गोबर पट्टी" या "गौ मूत्र प्रदेश" है, इसलिए वह हिंदुत्ववादी भाजपा का गढ़ बना हुआ है। यह चर्चा रविवार को चार राज्यों के आए चुनाव नतीजों के बाद आगे बढ़ी। रविवार को दक्षिण भारत के तेलंगाना में कांग्रेस विजयी रही, जबकि हिंदी भाषी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा को बड़ी जीत मिली। मगर क्या चुनाव नतीजों को इस रूप में

**तेलंगाना में इसी बार भाजपा के वोट प्रतिशत बढ़कर लगभग दो गुना हो गया, जबकि उसकी सीटें एक से बढ़कर आठ तक पहुंच गईं। तो इसे किस रूप में देखा जाएगा?सेंतिलकुमार ने बाद में माफी मांग ली, लेकिन उनकी जैसी सोच वाले लोगों को यह भी बताना चाहिए कि जब डीएमके अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में शामिल हुई थी, तब क्या उसने ऐसा "गौ मूत्र" को अपना कर किया था? और अगर अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को दक्षिण भारत से पिछली बार से अधिक सीटें मिलीं (जिसकी संभावना है), तो क्या यह कहा जाएगा कि दक्षिण भारत में भी "गौ मूत्र" का प्रसार हो रहा है?**

समझना सही नजरिया है? प्रश्न है कि क्या कर्नाटक दक्षिण भारत में नहीं है, जहां से पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा को 28 में 25 तक सीटें मिली हैं? और तेलंगाना में इसी बार भाजपा के वोट प्रतिशत बढ़कर लगभग दो गुना हो गया, जबकि उसकी सीटें एक से बढ़कर आठ तक पहुंच गईं। तो इसे किस रूप में देखा जाएगा?सेंतिलकुमार ने बाद में माफी मांग ली, लेकिन उनकी जैसी सोच वाले लोगों को यह भी बताना चाहिए कि जब डीएमके अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में शामिल हुई थी, तब क्या उसने ऐसा "गौ मूत्र" को अपना कर किया था? और अगर अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को दक्षिण भारत से पिछली बार से अधिक सीटें मिलीं (जिसकी संभावना है), तो क्या यह कहा जाएगा कि दक्षिण भारत में भी "गौ मूत्र" का प्रसार हो रहा है?

कहने का तात्पर्य यह कि राजनीतिक परिघटनाओं को इस रूप में देखना सिर्फ इन्हें समझ सकने की अपनी अयोग्यता और उससे पैदा हुए असंतोष को जाहिर करता है। बेशक भाजपा की विचारधारा हिंदुत्व है, जिसमें हिंदी भाषा की प्रमुखता का विशेष स्थान है। इसके प्रति अभी या भविष्य में अहिंदी भाषी राज्यों में विरोध भाव पैदा हो सकता है। जबकि हिंदी भाषी प्रदेशों में यह एजेंडा भाजपा के लिए एक हद तक लाभदायक साबित हो सकता है। इस रूप में हिंदी भाषी और अहिंदी भाषी राज्यों में अंतर्विरोध उभर सकते हैं।

## गाजा में हमास के बंधकों को छुड़ाने के ऑपरेशन के दौरान दो इजरायली सैनिक घायल

**गाजा ,एजेंसी।** फिलिस्तीनी समूह हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को छुड़ाने के अभियान के दौरान दो इजरायली सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी।

आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, गाजा पट्टी में हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों को छुड़ाने के लिए रात भर चलाये गये एक ऑपरेशन के दौरान आईडीएफ के दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

ऑपरेशन के दौरान बंधकों के अपहरण और बंधक बनाने में भाग लेने वाले कई आतंकवादी मारे गए। इसमें कहा गया कि इस अभियान में किसी बंधक को बचाया नहीं जा सका है।

## यूनिवर्सिटी के छात्रावास में लगी भीषण आग, 14 विद्यार्थी जिंदा जले– 18 की हालत गंभीर

**बगदाद ,एजेंसी।** इराक के अर्ध–स्वायत्त कुर्दिस्तान क्षेत्र में एरबिल प्रांत के सोरन शहर में यूनिवर्सिटी के छात्रावास में भीषण आग गई। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए।

सोरन स्वास्थ्य विभाग के एक बयान में कहा गया, आग सबसे पहले तीसरी और चौथी मंजिल पर लगी, जहां विश्वविद्यालय के छात्र और शिक्षक रहते थे, और फिर पूरी पांच मंजिला इमारत में फैल गई। बयान में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। नागरिक सुरक्षा टीमों और अग्निशामकों ने आग बुझा दी है।

गौर हो कि इराक में इमारतों में आग लगने जैसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। वहां अक्सर सुरक्षा नियमों को ताक पर रखकर निर्माण किए जाते हैं। इसके अलावा परिवहन क्षेत्रों में भी काफी लापरवाही बरती जाती है। इराक में सरकारी व्यवस्था का बुनियादी ढांचा लगातार ढहता जा रहा है।

## फंड घोटाले के बीच शीर्ष प्रवक्ता मात्सुनो की जगह लेंगे जापान के पीएम किशिदा

**टोक्यो ,एजेंसी।** सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के भीतर फंड घोटाले के बीच जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कथित तौर पर मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो की जगह खुद लेने का फैसला किया है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी।

इस निर्णय का खुलासा एक ही दिन में कई सरकारी और सत्तारूढ़ पार्टी के स्त्रोतों द्वारा किया गया है।

मात्सुनो पर अपने गुट द्वारा जुटाई गई एक करोड़ येन (लगभग 70 हजार डॉलर) से अधिक की आय की जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया गया है।मात्सुनो ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनका इस्तीफा देने का कोई इरादा नहीं है और उनका गुट आरोपों से संबंधित तथ्यों की जाँच कर रहा है।


## सूडानी सेना ने अर्धसैनिक बलों के साथ लड़ाई के दौरान युद्ध अपराध से किया इन्कार

**खार्तूम ,एजेंसी।** सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) ने अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के साथ चल रहे संघर्ष के दौरान किसी भी युद्ध अपराध को अंजाम देने से इनकार किया है। एसएएफ के प्रवक्ता नबील अब्दुल्ला ने एक बयान में कहा, सशस्त्र बल एक ठोस सैन्य सिद्धांत वाली राष्ट्रीय सेना है जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करती है और आतंकवादी विद्रोही मिलिशिया की तरह युद्ध अपराध नहीं करती।सूडानी सेना का बयान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में आया, जिसमें उन्होंने एसएएफ और आरएसएफ दोनों पर युद्ध अपराध का आरोप लगाया था। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एसएएफ के खिलाफ युद्ध अपराध करने के अमेरिकी आरोपों को खारिज कर दिया।

# आदित्य एल–1 ने ली सूरज की तस्वीर, चंद्रयान–3 की सफलता के बाद इसरो के मिशन का कमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंद्रयान–3 की सफलता के बाद इसरो के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल–1 ने भी कमाल कर दिया है। अंतरिक्ष यान पर लगे सोलर अल्ट्रावॉयलट इमेजिंग टेलीस्कोप (सूट) इंस्ट्रूमेंट ने 200–400 एनएम वेवलेंथ रेंज में सूरज की पहली फुल–डिस्क तस्वीरों को सफलतापूर्वक कैप्चर किया है। सूट विभिन्न वैज्ञानिक फिल्टरों का इस्तेमाल करके इस वेवलेंथ रेंज में सूर्य के प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर की इमेजेस को कैप्चर करता है। इसरो ने सूट द्वारा क्लिक की गईं तस्वीरों को भी साझा किया है। इसमें अलग–अलग रंगों की तस्वीरों में सूरज दिखाई दे रहा है। इसरो ने जानकारी देते हुए बताया है कि 20 नवंबर, 2023 को सूट पेलोड चालू किया गया था। एक सफल प्री–कमीशनिंग फेज के बाद, टेलीस्कोप ने 6 दिसंबर, 2023 को अपनी पहली तस्वीरें क्लिक कीं।

11 अलग–अलग फिल्टर का इस्तेमाल करके ली गई इन अभूतपूर्व तस्वीरों में पहली बार फुल डिस्क तस्वीरें शामिल हैं। सूट के ऑब्जरवेशन से वैज्ञानिकों को




चुंबकीय सौर वातावरण के गतिशील युग्मन का अध्ययन करने में मदद मिलेगी और पृथ्वी की जलवायु पर सौर विकिरण के प्रभावों पर कड़ी रोक लगाने में उन्हें सहायता मिलेगी।

सामने आईं विशेषताओं में सनस्पॉट, प्लेज और शांत सूर्य क्षेत्र शामिल हैं। सूट के डिवेलपमेंट में इंटर–यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स, पुणे के नेतृत्व में एक सहयोगात्मक प्रयास शामिल था। इस सहयोग में इसरो, मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन (एमएएचई), आईआईएसईआर–कोलकाता में सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन स्पेस साइंस इंडियन (सीईएसएसआई), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स बंगलुरु, उदयपुर सोलर ऑब्जर्वेटरी (यूएसओ–पीआरएल) शामिल हैं।

## यूएई के गाजा युद्धविराम प्रस्ताव पर अमरीका ने लगाया वीटो, वोटिंग में गैरहाजिर रहा ब्रिटेन

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में संयुक्त अरब अमिरात की ओर से गाजा में तत्काल युद्धविराम को लेकर जारी प्रस्ताव पर अमरीका ने वीटो लगा दिया है। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 13 ने इसके पक्ष में मतदान किया, जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के दो प्रांतों में जारी संघर्ष को रोकने के अथाह प्रयास को अमेरिका ने रोक दिया। पंद्रह सदस्यीय परिषद में एकमात्र अरब राज्य संयुक्त अरब अमीरात द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान हुआ।

इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत रॉबर्ट ए वुड ने स्पष्ट कर दिया था कि उनका देश तत्काल युद्धविराम का समर्थन नहीं करता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव द्वारा बुलाए गए आपातकालीन सत्र में अपने संबोधन में श्री वुड ने हमास की सात अक्टूबर को इजरायल पर अचानक हवाई हमले को लेकर सुरक्षा परिषद की विफलता पर आलोचना की और चर्चाओं तथा जमीनी हकीकतों के बीच मौलिक अलगाव पर जोर दिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं। उन्हें लंबे और स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद मिले। सोनिया गांधी का जन्म 9 दिसंबर 1946 को इटली में हुआ था। वह लंबे समय तक कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीं। इस दौरान 2004 और 2009 के लोक सभा चुनावों में लगातार दो बार कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। 2019 के लोक सभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के रायबरेली से चुनाव जीती सोनिया गांधी ने पिछले कुछ वर्षों से स्वास्थ्य कारणों के चलते सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली थी, लेकिन विगत कुछ महीनों से एक बार फिर से राजनीति में सक्रिय हो गई हैं।टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को लोक सभा की संसद सदस्यता से निष्कासित करने के मसले पर शुक्रवार को सोनिया गांधी सदन के अंदर और बाहर सरकार का विरोध कर रहे विपक्षी दलों का सक्रिय नेतृत्व करती नजर आईं।

# शादी की खुशियां मातम में बदलीं, हल्दी रसम के लिए जा रही महिलाओं पर गिरी दीवार, 7 की मौत

**मऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मऊजनपद के घोसी कोतवाली क्षेत्र में दीवार गिरने के कारण हुए हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। हादसा शुक्रवार शाम को उस समय पेश आया जब एक वैवाहिक कार्यक्रम के हल्दी रसम में शामिल होने जा रही महिलाओं के ऊपर दीवार गिरने से महिलाओं समेत बच्चे नीचे दब गए। इस दर्दनाक हादसे में अब तक साल लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 23 अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, इस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुःख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवार को 2 लाख व घायलों को 50 हज़ार रुपए की सहायता राशि जारी किए जाने की घोषणा की।

पुलिस के अनुसार घोसी कोतवाली के घोसी कस्बा निवासी राधेश्याम, बृजेश मद्धेशिया के घर रविवार को एक वैवाहिक कार्यक्रम था जिसमें हल्दी की रस्म अदा की जा रही थी। इसके तहत महिलाओं का समूह हल्दी रसम अदा करने के लिए बैंड बाजे



इत्यादि के साथ कस्बे से बाहर गया था। वापसी के समय एचडीएफसी बैंक के समीप ही एक पुरानी दीवार भरभरा कर महिलाओं के समूह के ऊपर गिर गई जिसमें लगभग 30 लोग दब गए। हादसे में दो बच्चों व चार महिलाओं की मौत हो गई। वहीं 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज जिला अस्पताल सहित अलग अलग अस्पतालों में कराया जा रहा है। इस बीच घटना को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिवार को 02 लाख व घायलों को 50 हज़ार रुपए की सहायता राशि देने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# वसंत कुंज में गोलीबारी, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शूटर गिरफ्तार, एक की उम्र महज 15 साल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के वसंत कुंज के पास संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि दोनों की पहचान हरियाणा के मूल निवासी अनीश (23) और 15 वर्षीय किशोर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनो जबरन वसूली के लिए दक्षिण दिल्ली इलाके में एक प्रसिद्ध पांच सितारा होटल के पास गोलीबारी करने जा रहे थे।




पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने पुलिस टीम पर कथित तौर पर कुल पांच राउंड गोलियां चलाईं, जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने दो राउंड गोलियां चलाईं और उन्हें पकड़ लिया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान सामने आया कि अनीश कथित तौर पर रोहतक जिले में सशस्त्र डकैती, शस्त्र अधिनियम और हमले के छह आपराधिक मामलों में शामिल था। पुलिस ने दावा किया कि किशोर पहले भी इसी इलाके में एक सशस्त्र डकैती मामले में कथित तौर पर शामिल था।

## लालू परिवार ने तिरुपति बालाजी के दर्शन किए, तेजस्वी ने बेटी का मुंडन कराया, शेयर की तस्वीर


**पटना ,एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने अपने पूरे परिवार के साथ तिरुपति बालाजी के दर्शन किए। इसके बाद तेजस्वी यादव की पुत्री कात्यायनी का मुंडन भी कराया गया। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इसकी तस्वीर भी अपने एक्स हैंडल से पोस्ट की है। उसमें लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, राजश्री और साथ में तेजस्वी की बेटी कात्यायनी भी दिख रही है। तेजस्वी और तेजप्रताप भी मुंडन कराए दिख रहे हैं।\

# तेलंगाना में विभागों का बंटवारा, डिप्टी सीएम को वित्त विभाग, श्रीधर बाबू होंगे सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्री

**हैदराबाद ,एजेंसी** । तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क को वित्त विभाग दिया गया है, जबकि डुडिला श्रीधर बाबू सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभालेंगे। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के गठन के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को मंत्रियों के बीच विभागों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास, सामान्य प्रशासन और कानून व्यवस्था अपने पास रखी है।वह अन्य सभी अनावंटित विभागों की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क वित्त एवं योजना और ऊर्जा का कार्यभार देखेंगे। श्रीधर बाबू सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार, उद्योग और वाणिज्य के मंत्री होंगे। वह विधायी कार्य भी देखेंगे।नालामाडा उत्तम कुमार रेड्डी को सिंचाई और सीएडी, खाद्य और नागरिक आपूर्ति दिया गया है। सी. दामोदर राजनरसिम्हा स्वास्थ्य, चिकित्सा और परिवार कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे। कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी सडक़ और भवन, सिनेमैटोग्राफी संभालेंगे और पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी राजस्व और आवास तथा सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री होंगे।

# गौतम गंभीर–एस श्रीसंत में जमकर तू–तू, मैं–मैं, लीजेंड्स लीग क्रिकेट करेगा आंतरिक जांच, होगी कार्रवाई

सूरत ,लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) भारत के पूर्व साथियों गौतम गंभीर और एस. श्रीसंत से जुड़ी घटना में आचार संहिता के उल्लंघन की आंतरिक जांच करेगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने एक बयान में कहा कि क्रिकेट जगत में जिस घटना की चर्चा हो रही है, वह आचार संहिता का उल्लंघन है और लीग की आचार संहिता और आचार समिति द्वारा बताए गए स्पष्ट नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी लोगों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और गुजरात जाइंट्स के बीच एलएलसी सीजन् 2 एलिमिनेटर मैच के दौरान गंभीर और श्रीसंत के बीच तीखी बहस हो गई और अंपायरों को मामले को सभ्य बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा।

कैपिटल्स के 12 रन के स्कोर से जीतने के बाद श्रीसंत ने गंभीर को अनावश्यक रूप से उकसाने के लिए फटकार लगाई। श्रीसंत ने अपने सहकर्मियों के प्रति कोई सम्मान न दिखाने के लिए उन पर हमला किया और बताया कि वह गंभीर की टिप्पणियों से कितने आहत थे।

मिस्टर फाइटर के साथ जो कुछ हुआ, उस पर मैं बस कुछ स्पष्ट करना चाहता था, जो हमेशा अपने सभी सहयोगियों के साथ बिना किसी कारण के लड़ते हैं। वह अपने सीनियर खिलाड़ियों का भी सम्मान नहीं करते, जिनमें वीरू भाई और कई लोग शामिल हैं। आज बिल्कुल वैसा ही हुआ । श्रीसंत ने मैच के बाद कहा, बिना किसी उकसावे के, वह मुझे फोन करते रहे, जो बहुत ही अभद्र बात है और ऐसा कुछ जो मिस्टर गौतम गंभीर को नहीं कहना चाहिए था। तो, मैं बस आप सभी को यह बताना चाहता हूं कि मेरी कोई गलती नहीं है। मैं बस तुरंत हवा साफ़ करना चाहता था। देर–सबेर आपको पता चल जाएगा कि गौती ने क्या किया है। उन्होंने जो शब्द इस्तेमाल किए और जो बातें उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर लाइव कही, वे स्वीकार्य नहीं हैं।

हालांकि, गुरुवार सुबह श्रीसंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लाइव हुए और गंभीर पर 'एफ' शब्द का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। केरल के तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि गंभीर ने 2013 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) स्पॉट फिक्सिंग कांड का जिक्र करते हुए उन्हें 'फिक्सर' कहा था।

श्रीसंत द्वारा मामले को सोशल मीडिया पर ले जाने के बाद एलएलसी ने इस मुद्दे पर एक बयान जारी किया और अपना रुख स्पष्ट किया।

6 दिसंबर 2023 को लालभाई कॉन्ट्रैक्टर स्टेडियम, सूरत में गुजरात जायंट्स और इंडिया कैपिटल्स के बीच मैच के दौरान मैदान पर हुई घटना और उसके बाद सोशल मीडिया पर हुई बातचीत के संबंध में, लीजेंड्स लीग क्रिकेट भावना को बनाए रखने के लिए अपना आधिकारिक रुख बहुत स्पष्ट करता है। लीग ने गुरुवार को कहा, खेल के मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट क्रिकेट और खेल भावना को बनाए रखने का प्रयास करता है और आचार संहिता के उल्लंघन पर आंतरिक जांच करेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित मैदान के अंदर और बाहर होने वाले किसी भी दुर्व्यवहार से सख्ती से निपटा जाएगा।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट की आचार संहिता और आचार समिति के प्रमुख सैयद किरमानी ने कहा,आचार संहिता में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि लीग, खेल की भावना और जिस टीम का वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उसे बदनाम करने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हम अपना रुख बहुत स्पष्ट करते हैं और खेल को साझा करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे। देश और दुनिया भर के लाखों क्रिकेट प्रेमियों के साथ।

लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि वे आचरण के उल्लंघन के खिलाफ उचित कार्रवाई कर रहे हैं। रहेजा ने कहा,लीजेंड्स लीग क्रिकेट में अनुबंधित सभी खिलाड़ी कदाचार से संबंधित कुछ शर्तों से बंधे हैं और आचार संहिता और आचार समिति द्वारा निर्धारित आचार संहिता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हम अनुबंध के उल्लंघन के खिलाफ उचित कार्रवाई कर रहे हैं।

एलएलसी ने कहा कि इस घटना ने अब तक के बेहद रोमांचक सीजन् से ध्यान हटा दिया है। इसमें कहा गया, दुर्भाग्य से, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही यह घटना थोड़े समय के लिए ही सही, उस सीजन से ध्यान खींचती है, जो अब तक का बेहद रोमांचक सीजन रहा है, जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दिग्गज अपनी–अपनी टीमों के लिए एक साथ खेल रहे हैं।

# आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप में चीन ने जर्मनी को, दक्षिण कोरिया ने जापान को हराया



चेंगदू,09 दिसंबर। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन ने यहां अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) मिश्रित टीम विश्व कप में जर्मनी पर 8–1 से जीत हासिल कर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि दक्षिण कोरिया ने जापान को 8–4 से हराकर खिताब की दौड़ में बने रहे।

रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मनी के खिलाफ मैच में, चीन ने मिश्रित युगल में 2–1 की बढ़त ले ली, क्योंकि दुनिया की नंबर 1 जोड़ी वांग चुकिन और सुन यिंगशा ने सेड्रिक मीस्नर और वान युआन को 8–11, 11–7, 11–2 से हराया।महिला एकल में वांग मन्यु ने अनुभवी शान जियाओना के खिलाफ 11–2, 11–5, 11–4 से जीत हासिल कर चीन की बढ़त बढ़ा दी।टेबल टेनिस आइकन मा लॉन्ग ने पुरुष एकल में रिकाडी वाल्थर पर सीधे गेम में अपना दबदबा बनाया, जिससे मेजबान टीम को दूसरे चरण के दौरान लगातार चौथी जीत मिली।

शुक्रवार के मैचों से पहले ताज के लिए तीन–तरफा लड़ाई को देखते हुए, अंतिम विजेता का निर्धारण करने में जापान और दक्षिण कोरिया के बीच का मुकाबला महत्वपूर्ण था।मिश्रित युगल और महिला एकल के बाद दोनों टीमें 3–3 से बराबरी पर थीं। पुरुष एकल के कड़े मुकाबले में जांग वू–जिन ने टोमोकाजू हरिमोटो को 9–11, 13–11, 11–9 से हराकर दक्षिण कोरिया को आगे बढ़ाया, इससे पहले लिम जोंग–हून के साथ मिलकर हरिमोटो और शुनसुके को हराने के बाद दक्षिण कोरिया की जीत सुनिश्चित की। तोगामी 11–8, 11–9, 11–1.अन्य मुकाबलों में फ्रांस ने चीनी ताइपे को 8–3 से हराया और स्वीडन ने स्लोवाकिया को 8–0 से हरा दिया।प्रतियोगिता के केवल दो दिन शेष रहने पर, चीन और दक्षिण कोरिया, दोनों अपराजित, 10 अंकों के साथ स्टैंडिंग में शीर्ष दो स्थान पर हैं।चीन अंतिम दिन जापान से भिड़ने के लिए तैयार है, जो वर्तमान में नौ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि दक्षिण कोरिया जर्मनी को चुनौती देगा। इसके अतिरिक्त, स्लोवाकिया का मुकाबला चीनी ताइपे से होगा ।

# दक्षिण अफ्रीकी पिचों की रफ्तार और उछाल के लिये अतिरिक्त अभ्यास करना होगा: रिंकू



डरबन, भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी पिचों की अतिरिक्त रफ्तार और उछाल को देखते हुए अतिरिक्त प्रयास और अभ्यास की जरूरत होगी ।

भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र के बाद दक्षिण अफ्रीका की पिच के बारे में रिंकू ने कहा , मैने जब यहां बल्लेबाजी की तो भारतीय विकेटों की तुलना में अधिक उछाल लगा ।

उन्होंने कहा, रफ्तार अधिक है लिहाजा तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक अभ्यास करना होगा।

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 मैच रविवार को खेलेगी । रिंकू पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिये उतरेंगे ।

उन्होंने कहा कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें स्वाभाविक खेल दिखाने के लिये कहा है ।

उन्होने कहा , पहले सत्र का मैने बहुत मजा लिया चूंकि मौसम अच्छा था । राहुल द्रविड़ सर के साथ खेलने का मौका मिलना सुखद अहसास था । उन्होंने मुझे कहा कि अपने अंदाज में बल्लेबाजी करता रहूं और खुद पर भरोसा बनाये रखूं ।

रिंकू ने कहा कि 2013 से पांचवें छठे नंबर पर खेलते रहने से उन्हें भारत के लिये भी यही जिम्मेदारी निभाने का भरोसा मिला ।

उन्होंने कहा , मैं 2013 से उत्तर प्रदेश के लिये पांचवें या छठे नंबर पर खेल रहा हूं लिहाजा मुझे इसकी आदत है। चार पांच विकेट गिरने के बाद इस क्रम पर खेलना कठिन होता है लेकिन मुझे खुद पर भरोसा है ।मैं जितना संयम के साथ खेलूंगा, उतना ही अच्छा खेल सकूंगा।

# कोपा अमेरिका ड्रा : ब्राजील कोलंबिया ग्रुप डी में, अर्जेंटीना चिली के साथ

अटलांटा ,डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना को 20 जून को अटलांटा में कनाडा–त्रिनिदाद और टोबैगो प्लेऑफ के विजेता के खिलाफ 2024 कोपा अमेरिका का उद्घाटन मैच खेलना है, और अमेरिकी टीम तीन दिन बाद अर्लिंगटन में बोलीविया के खिलाफ शुरुआत करेगी।

उत्तरी अमेरिका के मध्य में, 2024 कोपा अमेरिका के लिए मंच तैयार है, जहां दक्षिण अमेरिका के फुटबॉल दिग्गज और मुी भर उत्तरी अमेरिकी चुनौती देने वाले महाद्वीपीय वर्चस्व की लड़ाई के लिए जुटेंगे। जैसा कि गत चैंपियन, अर्जेंटीना, खिताब की रक्षा के लिए खुद को तैयार कर रहा है, टूर्नामेंट भयंकर प्रतिस्पर्धा, ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता और विस्तारित अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न के आकर्षण के अनूठे मिश्रण के साथ दिलचस्प होने का वादा करता है।चिली के साथ पिछले संघर्षों की यादें, विशेष रूप से 2015 और 2016 के फाइनल में दिल दहला देने वाली हार, बड़ी




हो गई हैं क्योंकि अर्जेंटीना 25 जून को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में अपनी प्रतिद्वंद्विता को नवीनीकृत करने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने फाइनल में उन्हें दो बार हराया है, जिसमें चिली ने अर्जेंटीना की कीमत पर बैक–टू–बैक खिताब जीते हैं, जिसमें हाल ही में अमेरिकी धरती पर जीता गया खिताब भी शामिल है।

इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका, मध्य अमेरिका और कैरेबियन एसोसिएशन फुटबॉल (कोनकाकाफ) नेशंस लीग के माध्यम से अर्हता प्राप्त करने वाली चार उत्तरी अमेरिकी टीमों में से एक, 23 जून को आर्लिंगटन, टेक्सास में बोलीविया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। 27 जून को अटलांटा में पनामा और 1 जुलाई को कैनसस सिटी, मिसौरी में उरुग्वे, उच्च जोखिम वाले मुकाबलों का वादा करते हैं जो टूर्नामेंट की कहानी को आकार दे सकते हैं।

समूह की गतिशीलता क्वार्टरफाइनलिस्ट का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण कारक होगी, प्रत्येक समूह में दुर्जेय दावेदार शामिल होंगे। ग्रुप ए, जिसमें अर्जेंटीना, पेरू, चिली और कनाडा–त्रिनिदाद और टोबैगो प्लेऑफ़ के विजेता शामिल हैं, तीव्र लड़ाई के लिए मंच तैयार करता है। ग्रुप बी में, मेक्सिको को इक्वाडोर, वेनेजुएला और जमैका से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है, जिससे एक रोमांचक संघर्ष देखने को मिल सकता है।

ग्रुप सी में संयुक्त राज्य अमेरिका को उरुग्वे, पनामा और बोलीविया द्वारा उत्पन्न चुनौतियों से पार पाना होगा, जबकि ग्रुप डी में ब्राजील, कोलंबिया, पैराग्वे और कोस्टा रिका–होंडुरास प्लेऑफ़ के विजेता फुटबॉल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com